जिला स्तरीय परीक्षा

# विषय: गाय धर्म और विज्ञान

## कक्षा: 9 वीं से 12 वीं

## सत्र 2025-26

## सेट– A

**प्रश्नों की संख्या : 75** **समय: 1 घंटे 30 मिनट**

**अधिकतम अंक: 75**

---

**1. ब्रह्मा जी के मानस पुत्र प्रजापति दक्ष ने अमृत पान के पश्चात किस गौ की उत्पत्ति की थी?**
(a) सुरभि (b) नंदिनी (c) सुशीला (d) बहुला

**2. देवी 'सुरभि' का नामकरण किस मुख्य आधार पर हुआ था?**
(a) उनके सुनहरे रंग के कारण
(b) उनकी अपार शक्ति के कारण
(c) उनके मुख से निकली मनोहर गन्ध के कारण
(d) उनकी बड़ी आँखों के कारण

**3. अथर्ववेद में वर्णित गौ के विश्वरूप में 'द्युलोक' शरीर के किस भाग को प्रदर्शित करता है?**
(a) मस्तिष्क (b) मस्तक
(c) दंतपंक्ति (d) ऊपर का जबड़ा

**4. 'धेनुः सवनं रयीणसाम्' (अथर्ववेद) सूक्त के अनुसार 'रयीणसाम्' शब्द का क्या अर्थ है?**
(a) अनाजों का भण्डार (b) संपत्ति का भण्डार
(c) जल का भण्डार (d) ज्ञान का भण्डार

**5. ऋषि वामदेव गौतम ने ऋग्वेद के अनुसार अग्नि, सूर्य और जल के समान ही किसे पूजनीय माना है?**
(a) स्वर्ण रत्न (b) पवित्र भूमि
(c) गौवंश (d) अस्त्र–शस्त्र

**6. स्कन्द पुराण के अनुसार, गौमाता को समस्त देवों की जननी और सभी तीर्थों का क्या कहा गया है?**
(a) महातीर्थ (b) आदि केंद्र
(c) पाचन स्थल (d) अमृत द्वार

**7. महर्षि हरिद्रुमत गौतम ने सत्यकाम जाबाल को कितनी गायें वापस लाने का लक्ष्य दिया था?**
(a) पाँच सौ (b) एक हजार
(c) सौ (d) दो हजार

**8. 'ज्योतिष्मान्' नामक ब्रह्म के तृतीय पाद का उपदेश सत्यकाम जाबाल को वन में किसने दिया था?**
(a) वृषभ ने (b) अग्नि ने (c) जलमुर्ग ने (d) हंस ने

**9. महाराज दिलीप ने नंदिनी गौ की सेवा कुल कितने दिनों तक की थी, जिसके पश्चात उनकी कठिन परीक्षा हुई?**
(a) इक्कीस दिन (b) ग्यारह दिन
(c) इक्यावन दिन (d) एक सौ एक दिन

**10. सहदेव (तन्तिपाल) के अनुसार, वे कितनी दूरी के भीतर स्थित गायों की त्रिकाल संख्या बताने में सक्षम थे?**
(a) पांच योजन (b) सौ योजन
(c) दस योजन (d) बीस योजन

**11. गंगा के गर्भ में तपस्या करते समय कौन से ऋषि मछुआरों के जाल में आ गए थे, जिन्हें राजा नहुष ने मुक्त कराया?**
(a) भृगु ऋषि (b) च्यवन ऋषि
(c) जाबालि मुनि (d) गौतम ऋषि

**12. दशरथ जी के यज्ञ में प्रकट अग्निदेव द्वारा प्रदत्त खीर का मुख्य आध्यात्मिक प्रभाव क्या था?**
(a) केवल शक्ति प्रदान करना
(b) भगवान राम और उनके भाइयों का अवतार
(c) लम्बी आयु प्रदान करना
(d) स्वर्ण की प्राप्ति

**13. महाराज दशरथ ने श्रीराम और लक्ष्मण के विवाह के अवसर पर कितनी स्वर्ण मण्डित सींगों वाली गायें दान की थीं?**
(a) दस लाख (b) दस हजार
(c) एक करोड़ (d) चार लाख

**14. भगवान श्रीकृष्ण के काल में 'एक करोड़' गायों के पालन का कीर्तिमान किसके नाम दर्ज है?**
(a) नन्दराज (b) वृषभानु
(c) उपनन्द (d) वृषभानुज

**15. श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को कंस के विरुद्ध संघर्ष हेतु किस मुख्य लीला के माध्यम से प्रेरित किया था?**
(a) गोवर्धन पूजा (b) रासलीला
(c) माखनचोरी लीला (d) कालिया मर्दन

**16. दक्षिण भारत में शातवाहनों के काल में गौ–दान का उल्लेख महाराष्ट्र के किस स्थान के शिलालेखों में मिलता है?**
(a) हम्पी (b) अजंता
(c) नाणे घाट (d) लोनावला

**17. चीनी यात्री फाह्यान के विवरण के अनुसार, प्राचीन भारत में किस पशु का वध और क्रय–विक्रय वर्जित था?**
(a) गौ (b) हाथी
(c) अश्व (d) ऊँट

**18. प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का आध्यात्मिक चिन्ह 'बैल' समाज को किसका मुख्य संदेश देता है?**

(a) त्याग और वैराग्य का
(b) शक्ति और युद्ध का
(c) केवल शांति का
(d) कृषि और जीवन के आधार का

**19. अमृतमहल नस्ल (कर्नाटक) के गोवंश की मुख्य विशेषता क्या मानी जाती है?**

(a) अत्यधिक दुग्ध उत्पादन
(b) मध्यम कद और अद्भुत फुर्ती
(c) भारी वजन और विशाल शरीर
(d) काले और लाल मिश्रित रंग

**20. भारत में वर्तमान में कुल कितनी देशी गौ–नस्लें भारतीय पशु आनुवंशिक संस्थान ब्यूरो में रजिस्टर्ड हैं?**

(a) 36 (b) 25 (c) 50 (d) 43.

**21. हरियाणवी नस्ल की गायों को उनके दुग्ध और कृषि दोनों गुणों में श्रेष्ठ होने के कारण क्या कहा जाता है?**

(a) कामधेनु (b) सर्वांगी (c) देवनी (d) कल्याणी

**22. थारपारकर गाय का मूल उत्पत्ति स्थल 'मालाणी' राजस्थान के किस जिले के अंतर्गत आता है?**

(a) मालाणी (बाड़मेर) (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) बीकानेर

**23. छत्तीसगढ़ की राजकीय पंजीकृत गौ नस्ल 'कोसली' को किस क्रम की नस्ल के रूप में पंजीकृत किया गया है?**

(a) 36वीं (b) 10वीं (c) 25वीं (d) 43वीं

**24. इंडिया केटल 2600 के अनुसार, कोसली गाय के दूध की प्रमुख विशिष्टता क्या प्रमाणित की गई है?**

(a) कड़वाहट (b) मिठास की अधिकता
(c) वसा की कमी (d) पानी की अधिकता

**25. इतिहासकारों के अनुसार डिलदार भारतीय जैबू (Zebu) नस्ल के साण्ड का प्रादुर्भाव किस देश में हुआ था?**

(a) ब्राजील (b) मिश्र (c) यूरोप (d) भारत

**26. विदेशी नस्ल की गायों का पूर्वज किस प्राचीन जंगली और हिंसक पशु को माना जाता है?**

(a) यूरच (प्राचीन बाघ) (b) यूरास (Uras)
(c) गैण्डा (d) जंगली हाथी

**27. देशी गाय के गोबर की वह भौतिक प्रकृति क्या है जो उसे विदेशी गायों से भिन्न और श्रेष्ठ बनाती है?**

(a) बहुत पतला होना
(b) सूखा और कठोर होना
(c) बंधा हुआ, छल्लेदार और झिल्लीयुक्त होना
(d) दुर्गन्ध रहित होना

**28. A1 और A2 दूध का अंतर प्रोटीन की श्रृंखला में केवल कितने अमीनो अम्ल के अंतर से निर्धारित होता है?**

(a) दस (b) पचास (c) सौ (d) केवल एक

**29. वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार A1 दूध के अधिक सेवन से बच्चों में किस गंभीर स्थिति का जोखिम बढ़ सकता है?**

(a) पीलिया (b) मलेरिया
(c) केवल बुखार (d) मधुमेह और ऑटिज़्म

**30. डॉ. कीथ उडफोर्ड ने अपनी शोधपरक पुस्तक में BCM-7 तत्व को क्या संज्ञा दी है?**

(a) अमृत तत्व (b) रक्षक
(c) राक्षस (d) ओज तत्व

**31. भैंस के दूध में 'ट्रांस फैटी एसिड' का प्रतिशत देशी गाय के दूध की तुलना में कितना अधिक होता है?**

(a) दो गुना (b) पाँच गुना
(c) दस गुना (d) बीस गुना

**32. गाय के दूध में पाया जाने वाला 'Strontion' तत्व मुख्य रूप से किस हानिकारक प्रभाव का प्रतिरोधक है?**

(a) परमाणु विकिरण (b) ध्वनि प्रदूषण
(c) जल की अशुद्धि (d) मिट्टी का विष

**33. वेदों के अनुसार, सृष्टि निर्माण में सर्वप्रथम उत्पन्न होने के कारण गाय को क्या कहा गया है?**

(a) अग्रजा (b) दुहिता
(c) अघन्या (d) अमृतमयी

**34. आयुर्वेद के अनुसार, 'काली गाय' का दूध विशेष रूप से किस दोष का शमन करने में सर्वाधिक गुणवान है?**

(a) पित्त दोष (b) कफ दोष
(c) वात दोष (d) त्रिदोष

**35. गाय के दूध में मौजूद कौन सा विटामिन दिमाग और आँखों को सक्रिय बनाये रखने में सहायक है?**

(a) विटामिन ए (b) विटामिन डी
(c) विटामिन के (d) विटामिन सी

**36. एक वर्ष में एक देशी गाय के गोबर से औसतन कितना किलोग्राम 'पोटाश' प्राप्त किया जा सकता है?**

(a) 800 किलो (b) 1050 किलो
(c) 860 किलो (d) 17600 किलो

**37. प्रयोगशाला परीक्षणों के आधार पर देशी गाय के गोमूत्र में कुल कितने प्रकार के रासायनिक तत्व पाए गए हैं?**

(a) 12 (b) 50 (c) 100 (d) 24

**38. यज्ञ अनुष्ठान से पूर्व यजमान की देहशुद्धि हेतु पंचगव्य का प्राशन क्यों अनिवार्य बताया गया है?**

(a) केवल प्यास बुझाने हेतु
(b) आंतरिक विषहरण और पाप उपशमन हेतु
(c) शक्ति प्रदर्शन हेतु
(d) भोजन के विकल्प हेतु

**39. यज्ञ में गाय के घी की आहुति देने से वायुमंडल में किस महत्वपूर्ण सुरक्षा परत का निर्माण होता है?**

(a) ओजोन परत (b) ऑक्सीजन परत
(c) नाइट्रोजन परत (d) कार्बन परत

**40. तक्रासव (छाछ आधारित औषधि) मुख्य रूप से शरीर के किस तंत्र के रोगों की अचूक औषधि है?**

(a) श्वसन तंत्र (b) तंत्रिका तंत्र
(c) पाचन तंत्र (d) उत्सर्जन तंत्र

**41. केमिकल युक्त टूथपेस्ट में हड्डियों और मसूड़ों को क्षति पहुँचाने वाला प्रमुख हानिकारक तत्व क्या है?**

(a) केवल शक्कर (b) फ्लोराइड और SLS
(c) नीम का तेल (d) घी

**42. गोबर से निर्मित 'गोमय पॉट' (गमले) में गोबर का प्रतिशत कितना रखा जाता है?**

(a) 50% (b) 20% (c) 90% (d) 80%

**43. पंचगव्य नस्य घृत का निर्माण आयुर्वेद की किस विशेष विधि और नक्षत्र में करना अनिवार्य है?**

(a) रोहिणी नक्षत्र (b) अश्विनी नक्षत्र
(c) पुष्य नक्षत्र (d) रेवती नक्षत्र

**44. गोबर के कण्डे को जलाकर 'भस्म' बनाने पर उसमें प्राणवायु (Oxygen) की मात्रा बढ़कर कितनी हो जाती है?**

(a) 46·6% (b) 21% (c) 27% (d) 12%

**45. रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2050 तक विश्व की शहरी क्षेत्रों में रहने वाली जनसंख्या कितनी होने का अनुमान है?**

(a) 3·5 अरब (b) 6 अरब से अधिक
(c) 10 अरब (d) 2 अरब

**46. छत पर शाक वाटिका (Terrace Garden) निर्माण से घर के आंतरिक वातावरण पर क्या प्रमुख प्रभाव पड़ता है?**

(a) घर अधिक गर्म हो जाता है
(b) नमी समाप्त हो जाती है
(c) घर में धूल बढ़ती है
(d) घर ठंडा रहता है

**47. शाक वाटिका में परागण (Pollination) और मन की प्रसन्नता के लिए किनका स्थान पर्याप्त होना चाहिए?**

(a) केवल बड़ी मशीनों का (b) रासायनिक उर्वरकों का
(c) केवल छायादार पेड़ों का (d) फूलों के पौधों का

**48. ICAR (2022) के अध्ययन में गोमूत्र आधारित औषधियों के कितने नमूनों में कैंसर रोधी प्रभाव पाया गया?**

(a) 52% (b) 71% (c) 50% (d) 49%

**49. पंचगव्य आधारित औषधियों के नियमित उपयोगकर्ताओं में रोग–प्रतिरोधक क्षमता औसतन कितनी पाई गई?**

(a) 49% (b) 100% (c) 74% (d) 25%

**50. भारत में गो–आधारित औषधियों और उत्पादों के बाजार में प्रतिवर्ष औसतन कितने प्रतिशत की वृद्धि हो रही है?**

(a) 10% (b) 17% (c) 25% (d) 5%

**51. आयुर्वेद के अनुसार पंचगव्य को जीवन शक्तियों में किस श्रेणी का पदार्थ माना गया है?**

(a) परम पवित्र रसायन (b) साधारण आहार
(c) गरिष्ठ भोजन (d) विषैला तत्व

**52. 'अन्नमय कोष' के पंचगव्य द्वारा जागरण से शरीर में किस मुख्य शक्ति की अभिवृद्धि होती है?**

(a) आयु बल
(b) काल्पनिक शक्ति
(c) भूख प्यास और पाचन शक्ति
(d) आध्यात्मिक तेज

**53. पंचगव्य चिकित्सा में गायत्री मंत्र द्वारा किन गव्यों को विशेष रूप से अभिमंत्रित किया जाता है?**

(a) केवल दही को (b) गोमूत्र और गोदुग्ध को
(c) केवल गोबर को (d) मधु (शहद) को

**54. पंचकोष जागरण के अंतर्गत 'आनंदमय कोष' के जागरण का सबसे प्रमुख लाभ क्या है?**

(a) आयु बल बढ़ना (b) काल्पनिक शक्ति विकास
(c) स्मरण शक्ति बढ़ना (d) रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ना

**55. चीनी यात्री फाह्यान ने अपने यात्रा विवरणों में भारत के समाज और गौवंश पर किस कालखंड में प्रकाश डाला?**

(a) 399-414 ईस्वी (b) 627-643 ईस्वी
(c) 2305 ईसा पूर्व (d) 1018 ईस्वी

**56. प्राचीन काल में महाराज जनक ने याज्ञवल्क्य ऋषि को पुरोहित बनाकर कितनी गायें दान में दी थीं?**

(a) 500 (b) 5000
(c) 1000 (d) 10000

**57. राजा ऋतम्भर ने संतान प्राप्ति और आध्यात्मिक शांति हेतु किस मुनि की आज्ञा से गो–सेवा व्रत लिया था?**

(a) विश्वामित्र मुनि (b) जाबालि मुनि
(c) गौतम मुनि (d) वशिष्ठ मुनि

**58. रामराज्य की सम्पूर्ण अवधारणा का मूल आधार किसे माना गया है?**

(a) गौवंश और कृषि (b) केवल युद्ध कौशल
(c) मशीनीकरण (d) विदेशी व्यापार

**59. श्रीराम अवतार के प्रमुख कारणों में से एक 'गौ–हित' के साथ–साथ किनका विनाश करना शामिल था?**

(a) वनों का (b) प्रजा का
(c) पर्वतों का (d) गौघाती आतताई असुरों का

**60. भरत जी ने नन्दिग्राम में प्रवास के दौरान 14 वर्षों तक आध्यात्मिक उन्नति हेतु आहार में क्या लिया?**

(a) केवल शहद (b) केवल जल
(c) अन्न के साथ गौमूत्र (d) जंगली फल

**61. भूमि के सूक्ष्म जीवाणुओं (Microbes) को बढ़ाने और मिट्टी को सजीव रखने का मुख्य स्रोत क्या है?**

(a) रासायनिक यूरिया
(b) सूक्ष्म जीवाणु युक्त जीवामृत और गोबर खाद
(c) मशीनी जुताई
(d) कीटनाशक स्प्रे

**62. रासायनिक कृषि के निरंतर प्रयोग से हमारी शस्य श्यामला भूमि पर क्या प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है?**

(a) भूमि अधिक उपजाऊ हो रही है
(b) फसलें शुद्ध हो रही हैं
(c) जल स्तर बढ़ रहा है
(d) भूमि बंजर होती जा रही है

**63. किस देश के वैज्ञानिकों ने गाय के गोबर के लेप को परमाणु विकिरण (Radiation) रोकने में प्रभावी माना है?**

(a) रूस (b) अमेरिका (c) जापान (d) जर्मनी

**64. जैविक कृषि और रासायनिक कृषि के तुलनात्मक अध्ययन में लागत की दृष्टि से कौन सी पद्धति श्रेष्ठ है?**

(a) रासायनिक कृषि
(b) मशीनी कृषि
(c) गौ–आधारित जैविक खाद प्रयोग
(d) लाभ रहित कृषि

**65. गोबर खाद के प्रयोग से खेती में सिंचाई की आवश्यकता पर क्या वैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है?**

(a) पानी कम लगाना पड़ता है
(b) पानी अधिक लगता है
(c) कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(d) सिंचाई की आवश्यकता समाप्त हो जाती है

**66. 'जीवामृत प्रकार–2' तैयार करने के लिए दही के साथ और किस फल का मिश्रण किया जाता है?**

(a) केवल आम (b) पका हुआ केला
(c) अमरूद (d) सेब

**67. वर्ष 2023-24 के आँकड़ों के अनुसार भारत में कुल रासायनिक उर्वरक खपत कितनी रही?**

(a) 10000 टन (b) 5000 टन
(c) 25000 टन (d) 55193 टन

**68. भूजल दोहन की रिपोर्ट (2022) के अनुसार, किस भारतीय राज्य में दोहन का स्तर 134.14% तक पहुँच गया है?**

(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) राजस्थान (d) दिल्ली

**69. 'साईलेंट स्प्रिंग' नामक प्रसिद्ध पुस्तक में किस विषैले कीटनाशक के दुष्प्रभावों का विस्तार से वर्णन है?**

(a) यूरिया (b) फास्फोरस (c) DDT (d) पोटाश

**70. जीवामृत निर्माण में 'बेसन' मिलाने का मुख्य वैज्ञानिक उद्देश्य क्या है?**

(a) रंग बदलना
(b) सूक्ष्मजीवों के पोषण और संख्या वृद्धि हेतु
(c) खुशबू बढ़ाना
(d) घोल को गाढ़ा करना

**71. जैविक कीट नियंत्रक बनाने के लिए नीम पत्तों और मट्ठे के साथ किन तीखी सामग्रियों का प्रयोग होता है?**

(a) केवल नमक (b) शक्कर और गुड़
(c) काली मिर्च (d) हरी मिर्च और लहसुन

**72. मृत गौवंश के सम्मानजनक निपटान और उच्च गुणवत्ता वाली खाद (N-P-K युक्त) प्राप्त करने की विधि क्या है?**

(a) मृत गौवंश से समाधि खाद बनाना
(b) नदी में प्रवाहित करना
(c) खुले में छोड़ना
(d) जलाना

**73. केंचुआ मिट्टी को किस प्रकार उपजाऊ बनाने में सहायता करता है?**

(a) मिट्टी को कठोर बनाकर
(b) फसल को खाकर
(c) मिट्टी को पोली और छिद्रयुक्त बनाकर
(d) पानी को सोखकर

**74. गौ–रक्षा और पर्यावरण संरक्षण संकल्पों के अनुसार 'पैरा' (चारे) के साथ क्या नहीं करना चाहिए?**

(a) उसका संग्रहण (b) उसकी कटाई
(c) उसे भिगोना (d) उसमें आग लगाना

**75. गौवंश आधारित 'पंच परिवर्तन' का अंतिम और महानतम ध्येय क्या निर्धारित किया गया है?**

(a) केवल निर्यात बढ़ाना
(b) मशीनीकरण को बढ़ावा देना
(c) स्वावलंबी और सम्पन्न भारत का निर्माण
(d) शहरों का विस्तार

●●

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/